एक नजर में

राष्ट्रीय बजरंग दल ने बीमार गोवंश का कराया उपचार

गोला गोकर्णनाथ खीरी। राष्ट्रीय बजरंग दल की बिजुआ टीम ने गौसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए एक बीमार गोवंश के उपचार की व्यवस्था कराई। गोवंश के बीमार होने की जानकारी मिलते ही संगठन के कार्यकर्ताओं ने तत्परता दिखाई और पशु चिकित्सक की सहायता से उसके उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इस पहल के माध्यम से गौसेवा और बेजुबान जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि गौसेवा केवल हमारा कर्तव्य ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कार और मानवीय संवेदनाओं का भी प्रतीक है। बेजुबान पशु अपनी पीड़ा स्वयं व्यक्त नहीं कर सकते, इसलिए उनकी देखभाल और सहायता के लिए आगे आना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। बिजुआ टीम ने आमजन से अपील की कि यदि कहीं कोई गोवंश बीमार, घायल या असहाय अवस्था में दिखाई दे, तो उसकी अनदेखी न करें। तत्काल पशु चिकित्सक को सूचना दें और उसके उपचार की व्यवस्था कराने में सहयोग करें, ताकि समय रहते बेजुबान जीवों को उचित देखभाल मिल सके।राष्ट्रीय बजरंग दल की बिजुआ टीम ने गौसेवा, गोवंश की रक्षा और जरूरतमंद जीवों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि संगठन सामाजिक एवं धार्मिक दायित्वों के साथ-साथ जीवों की सेवा के कार्यों में भी निरंतर योगदान देता रहेगा। इस अवसर पर कमलजीत, आकाश कनौजिया, छोटू भाई, अमित गुप्ता, अनिल कटियार, डॉ. विशाल कुमार, अंकित वाल्मीकि, मोनू, नीरज सहित राष्ट्रीय बजरंग दल के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दशहरा मेला में जेसीआई ने स्मृति स्तंभ पर श्रंद्धाजलि सभा आयोजित की

लखीमपुर-खीरी। नगर की सुपरिचित समाजसेवी संस्था जेसीआई लखीमपुर खीरी ने मेला परिसर में बने स्मृति स्तंभ पर श्रंद्धाजलि सभा आयोजित कर 1976में आये भीषण तूफान में हताहत हुये जनमानस के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। दो मिनट का मौन रख कर व मोमबत्ती जलाकर कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। ज्ञातव्य है कि उस त्रासदी हेतु जेसीआई द्वारा एक स्मृति स्तंभ का निर्माण करवाया गया था और तबसे प्रत्येक वर्ष दशहरा मेला के दौरान संस्था सदस्य अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम निदेशक आलोक शुक्ला, प्रभारी राजेश पटेल, आगामी अध्यक्ष विश्वास सेठ के साथ सचिन अग्रवाल, विशाल सेठ, राममोहन गुप्ता, सुमित शर्मा, कुशाग्र अग्रवाल, राहुल माथुर, लव पुरी, अनिल अग्रवाल, कनिष्क बरनवाल, शुभम टण्डन, कुमार उत्कर्ष, सौरभ गुप्ता, लेखनी सेठ, मंजू बरनवाल, मुक्ति अग्रवाल, पारुल पटेल, समीक्षा टण्डन आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी आर्येन्द्र पाल सिंह ने बताया कि संस्था की चली आ रही परम्परा के अनुसार आगामी अध्यक्ष अपने कार्यकाल का शुभारंभ इस कार्यक्रम के साथ करता है और पारिवारिक मेला भ्रमण भी करवाता है।

भटक रहे प्रीती गौतम के परिवार वालों को दिलाई विधायक ने राहत

गोला गोकर्णनाथ खीरी। ब्लाक बांकेगंज के ग्राम सिद्धनपुर करंट नंबर11 की प्रीती गौतम पत्नी ज्ञान चन्द्र गौतम को अस्पताल से कराया मुक्त, और गरीब प्रीती गौतम के पति ज्ञान चन्द्र गौतम को किराया देकर घर वापस भेजवाया, पैसे न होने के कारण प्रीती गौतम को अस्पताल वाले छुट्टी नहीं दे रहे थे, परिवार वाले बहुत परेशान और बेहाल थे, इसलिए गांवों वालों ने विधायक रोमी साहनी को फोन कर परिवार की पूरी व्यथा बताई बताते चलें कि ग्राम सिद्धनपुर ग्रंट न0 11 की प्रीती गौतम पत्नी ज्ञान चन्द्र गौतम बहुत गरीब परिवार से है, प्रीती गौतम के पति के पास पैसा नहीं था, जो 90000 नब्बे हजार रुपए था, उसे इलाज में दे चुके थे और 75000 पचहत्तर हजार रुपए की ओर मांग की जा रही थी, लखनऊ के न्यू मेडलाइफहॉस्पिटल वालों ने कई दिनों से बीमार प्रीती गौतम के पास पैसे न होने के कारण प्रीती गौतम को छुट्टी नहीं दे रहे थे, विधायक रोमी साहनी जैसे ही लखनऊ पहुंचे तुरन्त फटकार लगाई और वहां के सीएमओ से बात की, नाराजगी जताई, और अपने गनरों को भेजकर प्रीती गौतम को तुरन्त अस्पताल से बाहर निकलवाया।

कुंभी ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। विकास क्षेत्र कुंभी के अंतर्गत स्थानीय स्वर्गीय राजेंद्र गिरी स्टेडियम में ब्लॉक स्तरीय बाल वार्षिक शिक्षा क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से आए नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक अमन अरविंद गिरी ने दीप प्रज्वलन कर व बच्चों की प्रस्तुतियां देखकर उनका उत्साहवर्धन किया। विधायक ने खेल मैदान पहुंचकर सभी प्रतियोगिताओं का बारीकी से अवलोकन किया और विजेता बच्चों को अपने हाथों से पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ग्रांट लंदनपुर की टीम का शानदार दबदबा जारीप्रतियोगिता का सबसे बड़ा आकर्षण ग्रांट लंदनपुर का शानदार प्रदर्शन रहा। इस स्कूल की टीम ने अपनी बेहतरीन खेल भावना और कौशल का परिचय देते हुए पिछले 5 वर्षों से लगातार प्रथम स्थान प्राप्त करने के अपने सिलसिले को इस बार भी बरकरार रखा और चौंपियन का खिताब अपने नाम किया।

अतिथियों और गणमान्य नागरिकों की रही गरिमामयी उपस्थितिइस अवसर पर खेलकूद के प्रति बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए क्षेत्र के कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप सेरूविधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा रामगुलाम पांडे गुरुजी नगर उपाध्यक्ष राजन साहनी खंड शिक्षा अधिकारी नागेंद्र चौधरी अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी सुधीर कोहली, सतीश कुमार तिवारी, राजीव कुमार वर्मा, राजू बाथम, अमित गुप्ता, मनोज कुमार वर्मा, धर्मेंद्र कुमार सिंह आदि विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

आठ वर्षीय मसूम को तेन्दुआ ने मार डाला

लखीमपुर-खीरी। हिंसक वन्य ने चौथे बच्चे को बनाया निवाला जनपद खीरी में लगातार चौथे बच्चे को हिंसक वन्य जीव ने अपना निवाला बनाया है। मंगलवार को दक्षिण खीरी वन प्रभाग की शारदा नगर रेंज के अंतर्गत चफंदी ग्राम पंचायत में अमित 8 वर्ष पुत्र विनोद कुमार ग्राम टापरपुरवा मजरा चफन्दी निकट शीतलापुर ब्लॉक नकहा तहसील लखीमपुर को लगभग 7:30 बजे घर से बाघ उठा ले गया। पता चला अमित की मां बच्चे को शौचालय में शौच करा रहीं थी, तभी बाघ आया और उठा ले गया।

.फिलहाल जनपद में हिंसक वन्य जीव बाघ और तेंदुए द्वारा लगातार बच्चों को निवाला बना रहे है। वन विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। डीएफओ दक्षिण खीरी तापस मिहिर ने बताया सूचना मिली हैं मौके पर पहुंच रहा हूं।

फायरिंग में वृद्ध घायल, आरोपी हिरासत में

औरास, उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के सराय बद्री गांव के पास खेत में बने कमरे में रह रहे वृद्ध पर गांव के ही युवक ने असलहे से फायर कर दिया। घटना में वृद्ध के हाथ में गंभीर चोट आई। पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे एक्सरे के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हरदोई जिले के कासिमपुर थाना क्षेत्र के जाहिदपुर गांव निवासी कैलाश (50) पुत्र स्व. मोती अपने साथी के साथ सराय बद्री मजरा दीपवल से करीब 500 मीटर दूर खेत में बने कमरे में रहता है। सोमवार रात करीब नौ बजे गांव का ही मनोज पुत्र छोटेलाल वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने कैलाश पर फायर कर दिया, जिससे उसका हाथ लहूलुहान हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। मंगलवार दोपहर फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की। थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफहत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

कूड़ा डालने के विवाद में मारपीट, तीन पर केस

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के महाई गांव में दरवाजे पर कूड़ा डालने के विवाद में महिला और उसकी बेटी से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।गांव निवासी संगीता पत्नी देवनाथ ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि 14 अक्टूबर को उनकी जेठानी गायत्री पत्नी दीनानाथ और उनकी बेटियों नीतिका व पायल ने उनके दरवाजे पर कूड़ा डाल दिया।

रामलीला में सीताहरण और राम-सुग्रीव मित्रता का मंचन

बीघापुर, उन्नाव। नगर पंचायत स्थित बाबा गोदावलेश्वर धाम में रामलीला के पहले दिन स्थानीय कलाकारों ने सीताहरण, राम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध और सीता खोज की लीला का मंचन किया।

सीताहरण के बाद भगवान राम और लक्ष्मण वन में सीता की खोज करते हैं। इस दौरान घायल जटायु से उनकी भेंट होती है। जटायु उन्हें रावण द्वारा सीता हरण किए जाने की जानकारी देता है। आगे ऋष्यमूक पर्वत पर हनुमान के माध्यम से राम और सुग्रीव की मित्रता होती है। इसके बाद भगवान राम बाली का वध कर सुग्रीव को किष्किंधा का राजा अंगद को युवराज बनाते हैं। सुग्रीव के आदेश पर वानर सेना सीता की खोज में चारों दिशाओं में निकल पड़ती है। नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील बाकुश, प्रतिनिधि सुधीर , पूर्व बोर्ड सदस्य दिलीप कुलदीप सभासद बीना ी, शालिनी अखिलेश सहित लोग मौजूद रहे।

स्वास्थ्य शिविर में 58 लोगों की एचआईवी जांच

उन्नाव। सफीपुर विकासखंड के सकहन राजपूतान गांव में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी के निर्देश पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में टीबी के संभावित मरीजों की जांच की गई। इस दौरान 58 लोगों की एचआईवी जांच भी हुई।

शिविर में दो सप्ताह या उससे अधिक समय से खांसी, बुखार, बलगम, भूख न लगने और वजन घटने जैसी समस्याओं से पीड़ित लोगों की जांच की गई। पूर्व में टीबी का उपचार करा चुके संदिग्ध मरीजों की भी स्क्रीनिंग की गई। मरीजों की स्थिति के अनुसार एक्स-रे और रक्त संबंधी जांच कराने पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, समय पर जांच और नियमित उपचार के महत्व के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पर्यवेक्षक अमित कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार गुप्ता, मोहम्मद शमीम, विनोद सिंह, रमेश कुमार, रितु, सृष्टि सिंह, ऋषभ तिवारी, सर्वेश कुमार, शीलू और मालती सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

आजाद मार्ग पर ओवरलोडिंग और मौरंग मंडी से जाम

उन्नाव। जिले में ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन के सख्त निर्देशों के बावजूद सड़कों पर भारी वाहनों का संचालन जारी है। वहीं, आजाद मार्ग चौराहे पर लगने वाली मौरंग मंडी यातायात व्यवस्था के लिए मुसीबत बनी हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह के समय करीब आधा सैकड़ा डंपर सड़क किनारे खड़े रहते हैं, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है।

रावण वध के साथ रामलीला महोत्सव संपन्न

पुरवा, उन्नाव। नगर के बेगमगंज स्थित हनुमान मंदिर परिसर में श्रीराम रामलीला समिति की ओर से आयोजित तीन दिवसीय रामलीला महोत्सव सोमवार को रावण वध के साथ संपन्न हो गया। 43 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे इस महोत्सव में तीनों दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। रामलीला में स्थानीय कलाकारों ने विभिन्न पात्रों का सजीव मंचन किया।पहले दिन चेयरमैन रेनू गुप्ता, अपराध निरीक्षक राम प्रकाश और मुंशी हरीश चंद्र ने गणेश पूजन व आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान गणेश आरती से सीताहरण तक की लीला प्रस्तुत की गई। दूसरे दिन जटायु वध से लंका दहन तक का मंचन हुआ, जिसका शुभारंभ विद्युत अधिशासी अभियंता विमल कुमार ने आरती कर किया। अंतिम दिन विभीषण शरणागत और रावण वध की लीला का मंचन हुआ। इस दौरान अमित त्रिवेदी, आकाश यादव और सभासद वेद प्रकाश त्रिवेदी सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। समिति अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, संरक्षक शुभम श्रीवास्तव और सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन में समिति के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

मैलानी में सोते समय बुजुर्ग महिला पर तेंदुए का हमला, घायल

गोला गोकर्णनाथ खीरी। मैलानी थाना मैलानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सलावत नगर के मजरा खुड्डी नारंग में सोमवार की देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। घर में सो रही 60 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला पर जंगली जानवर (तेंदुए) ने अचानक हमला कर दिया और उन्हें खींचकर ले जाने का प्रयास किया। परिजनों की सूझबूझ और शोर मचाने पर तेंदुआ महिला को छोड़कर खेतों की तरफ भाग निकला। इस दुस्साहसिक घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं ग्रामीणों में वन विभाग की कार्यशैली के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है।

शोर मचाने पर जंगल की ओर भागा तेंदुआ जानकारी के मुताबिक, कौशल्या देवी पत्नी रामनरेश सोमवार की देर रात अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर के अंदर सो रही थीं। इसी दौरान घात लगाए बैठे तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें खींचकर ले जाने लगा। चीख-पुकार और आहट सुनकर परिजन तुरंत जाग गए और लाठी-डंडे लेकर शोर मचाने लगे। ग्रामीणों के भारी विरोध और शोरगुल के बीच तेंदुआ महिला को वहीं छोड़कर पास के गन्ने के खेतों में ओझल हो गया। हमले में कौशल्या देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिला अस्पताल में हालत गंभीर, परिवार में कोहराम घटना के तुरंत बाद परिजनों ने आनन-फानन में घायल महिला को मैलानी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल जिला अस्पताल में उनकी हालत नाजुक बनी हुई है, जिससे परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। वन विभाग पर उठे सवाल, ग्रामीणों में दहशतघटना के बाद से क्षेत्र के लोगों में भारी भय व्याप्त है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस इलाके में जंगली जानवरों की आमद कोई नई बात नहीं है, इससे पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद वन विभाग द्वारा समय रहते कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए गए। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद वन विभाग के अधिकारी गंभीर नहीं होते, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने इलाके में पिंजरा लगाए जाने और गश्त बढ़ाने की पुरजोर मांग की है।

लकडकट्टे ने आम व जामुन के पेड़ों पर चलाया आरा

लखीमपुर खीरी। दक्षिण खीरी वन प्रभाग की गोला रेंज की अंदेशनगर वन चौकी क्षेत्र के सफीपुर डीह गांव में शातिर लकडकट्टे शंकर पंडित ने बिना परमिट के एक जामुन व दो देशी आम के पेड़ों पर आरा चला दिया। ठेकेदार अवैध लकडी को लेकर मंडी जा रहा था। जिसे सिंगारपुर के पास गोला रेंजर ने पकड कर वन विभाग के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक गोला रेंज की अंदेशनगर वन चौकी क्षेत्र के सफीपुर डीह गांव निवासी उमाशंकर ने एक जामुन व देशी आम के दो हरे भरे पेड़ क्षेत्र में सक्रिय लकडकट्टे शंकर पंडित को बेंच दिये थे। बीते दिन लकडकट्टे शंकर पंडित ने इन पेड़ों को बिना परमिट अवैध रूप से काट लिया तथा ट्राले (पटेला) में भरकर लखीमपुर शहर के लिए रवाना कर दिया। इसी दौरान महेवागंज से जा रहे गोला रेंजर अमित सिंह सिंगारपुर के पास पहुंचे। बदकिस्मती से उसी समय शंकर पंडित का पटेला भी सडक से गुजर रहा था। यह

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में 124 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

धौरहरा खीरी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत धौरहरा में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में कुल 124 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इनमें धौरहरा विकासखंड के 58, ईसानगर विकासखंड के 56 तथा नगर पंचायत के एक जोड़े सहित कुल 115 जोड़े हिंदू रीति-रिवाज से विवाह बंधन में बंधे, जबकि नौ मुस्लिम जोड़ों का निकाह इस्लामी रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की।

सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से विभिन्न परिवारों के विवाह योग्य युवक-युवतियों का विवाह संपन्न कराया गया। इस आयोजन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बेटियों के विवाह के लिए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रत्येक पात्र जोड़े के लिए एक लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराना होता है। प्रावधान बताया गया। इसमें 64 हजार रुपये वधू के बैंक खाते में जमा किए जाते हैं, जबकि 21 हजार रुपये की धनराशि विवाह में उपयोगी सामग्री के लिए निर्धारित है। शेष 15 हजार रुपये आयोजन एवं अन्य टेंट,खाना आदि निर्धारित मदों के लिए होते हैं। योजना के अंतर्गत नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी शुरू करने के लिए आवश्यक सामग्री भी दी जाती है। इसमें फोल्डिंग बेड,गद्दार, तकिया ,डिनर सेट, वैनिटी किट, सीलिंग फैन,आयरन प्रेस ,दीवार घड़ी, कम्बल सेट,बक्सा, एयर वाटर कूलर, साड़ी एवं दूल्हे और दुल्हन के कपड़े अन्य कपड़े, बेडशीट, ट्रॉली बैग, प्रेशर कुकर, कढ़ाई आदि घरेलू उपयोग की वस्तुएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त शगुन के रूप में लड्डू और ड्राई फ्रूट्स की टोकरियां भी दी जाती हैं। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सर्वेश तिवारी धौरहरा, और ईसानगर के खंड विकास अधिकारी धन प्राप्त यादव,एडीओ आलोक शुक्ला,एडीओ मुन्ना लाल यादव,एडीओ हेमराज सिंह और सभी ग्राम पंचायत अधिकारी और सुरक्षा के लिए पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

एक नजर में

अकालबोधन कार्यक्रमों से जनजागरण का संकल्प

बीघापुर (उन्नाव)। पूर्व भाजपा लोकसभा पालक अजय मिश्र ने राजापुर गढ़ेवा और कैलांव में आयोजित सभाओं में कहा कि उनका लक्ष्य केवल 2027 का चुनाव नहीं, बल्कि क्षेत्र में भाजपा को मजबूत करना और जनमानस को जागरूक करना है। इसी उद्देश्य से नवरात्र से अकालबोधन कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया है।

कोचिंग गई किशोरी लापता, मुकदमा दर्ज

मियांगंज (उन्नाव)। आसीवन थाना क्षेत्र के एक गांव में कोचिंग पढ़ने गई 17 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। पिता ने अज्ञात व्यक्ति पर बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की है। पीड़ित के मुताबिक, उनकी पुत्री दोपहर करीब दो बजे बारीथाना चौराहे स्थित कोचिंग सेंटर जाने की बात कहकर घर से निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद पिता ने पुलिस को तहरीर दी। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

युवक का फंदे पर लटका मिला शव

पुरवा, उन्नाव। नगर के पश्चिमटोला मोहल्ले में सोमवार देर रात 35 वर्षीय युवक सूरज उर्फछोटू का शव घर के बरामदे में फंदे पर लटका मिला। परिजनों के मुताबिक, वह कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूरज पुत्र बसंती ड्राइवरी करता था। सोमवार रात वह बरामदे में सोया था। रात करीब दो बजे उसकी मां गायत्री उठीं तो बेटे को छत के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटका देखा। उनकी चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल की जांच के बाद पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने बताया कि सूरज की पत्नी पम्मी तीन माह पहले चार वर्षीय बेटी को लेकर मायके चली गई थी। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और कानपुर में इलाज चल रहा था। वहीं, ग्रामीणों में उसके नशे का आदी होने की चर्चा है। कोतवाल भवन सिंह मौर्य ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

तेज रफ्तार कार पलटी, युवक की मौत, चार घायल

असोहा, उन्नाव। मौरावां-मोहनलालगंज मार्ग पर बीबीपुर मोड़ के पास सोमवार देर रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। हादसे में कार चला रहे निखिल यादव (22) की मौत हो गई, जबकि चार अन्य युवक घायल हो गए। गंभीर हालत में दो घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।कांथा गांव के मजरे सूर्यबली खेड़ा निवासी निखिल अपने चार दोस्तों के साथ गुरुबख्श खेड़ा में मेला देखने गया था। इसके बाद सभी कार से मौरावां घूमने निकले। देर रात करीब एक बजे लौटते समय बीबीपुर मोड़ के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। आवाज सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से घायलों को बाहर निकाला। कालूखेड़ा चौकी प्रभारी लालचंद्र कंवजिया घायलों को मौरावां स्थित 100 बेड अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने निखिल को मृत घोषित कर दिया। सचिन और अभिषेक की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ रेफर किया गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गर्भवती महिला से मारपीट, आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बैगांव निवासी अनिल कुमार ने कुछ लोगों पर मारपीट और गर्भवती पत्नी के पेट पर लात मारने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।अनिल के मुताबिक, 15 अक्टूबर को अल्ट्रासाउंड जांच में पत्नी के पांच सप्ताह की गर्भवती होने की जानकारी मिली थी। 16 अक्टूबर की शाम वह पत्नी को चिकित्सक के पास ले जा रहा था। कासूखेड़ा गांव के पास एक चार पहिया वाहन ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि वाहन से उतरे जाबेजा, उसके बेटे और चार अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान जाबेजा ने लाइसेंसी रिवॉल्वर दिखाकर धमकाया। आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी के पेट पर जाबेजा के बेटे ने लात मार दी, जिससे उसे रक्तस्राव होने लगा। ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित के अनुसार, पत्नी का कानपुर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सीओ के निर्देश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

मेले से बाइक चोरी, पुलिस को दी तहरीर

औरास, उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के मिर्जापुर अजिगांव में सोमवार रात मेला देखने गए युवक की बाइक अज्ञात चोर उठा ले गए। पीड़ित ने मंगलवार सुबह थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। शिवथाना गांव निवासी प्रेम नरायन पुत्र संजीवन लाल सोमवार रात अपने भाई की बाइक से मिर्जापुर अजिगांव में लगे मेले में गया था। उसने बाइक मेला स्थल के बाहर खड़ी की और मेला देखने चला गया। कुछ देर बाद लौटने पर बाइक गायब मिली। उसने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चला। इसके बाद पीड़ित ने मंगलवार सुबह थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफतहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

डंपर की टक्कर से पिता-पुत्री की मौत

पाटन, उन्नाव। बिहार-बक्सर मार्ग पर मंगलवार को सुमेरपुर हाता के पास अज्ञात डंपर की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया। घटना ने मार्ग पर भारी वाहनों की रफ्तार और सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।रायबरेली जिले के खीरों थाना क्षेत्र के जगतपुर रामगढ़ी निवासी पंकज कुमार (40) अपनी बेटी वर्षा विश्वकर्मा (17) के साथ भगवंतनगर से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की जान चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस अज्ञात डंपर और उसके चालक की तलाश कर रही है।

ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने के निर्देश बेअसर

उन्नाव। जिले में ओवरलोड वाहनों के संचालन पर अंकुश लगाने के प्रशासनिक प्रयासों के बावजूद समस्या बनी हुई है। वहीं, आजाद मार्ग चौराहे पर मौरंग डंपरों की भीड़ से यातायात प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने जिम्मेदार विभागों से प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।जाजमऊ पुल पर मरम्मत कार्य के चलते यातायात डायवर्ट होने से आजाद मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, चौराहे के आसपास सुबह करीब आधा सैकड़ा डंपर खड़े रहते हैं। इससे जाम की स्थिति बनती है और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी घनश्याम मीना की बैठकों में ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए जाने के बावजूद सड़कों पर भारी वाहनों का संचालन जारी है। इससे परिवहन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ, बांटा महाप्रसाद

शुक्लागंज, उन्नाव। शरद पूर्णिमा और महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सोमवार रात नगर पालिका प्रशासन की ओर से वार्ड नंबर-11 स्थित अंबिकापुरम हनुमान मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया गया। इस दौरान सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ। पाठ के बाद श्रद्धालुओं में महाप्रसाद वितरित किया गया।

खड़गे के खिलाफभाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला

शुक्लागंज, उन्नाव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के खिलाफकथित अपमानजनक टिप्पणी से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार देर रात पोनी रोड स्थित डाकतार कॉलोनी चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। रात करीब साढ़े नौ बजे एकत्र हुए कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला फूंका और नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफनारे लगाते हुए टिप्पणी पर नाराजगी जताई। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री ही नहीं, हर व्यक्ति के परिवार का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने कथित टिप्पणी को अपमानजनक बताते हुए इसकी निंदा की। कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

बीएसए के निरीक्षण में खुली स्कूलों की अव्यवस्थाएं

उन्नाव। मियागंज विकासखंड के परिषदीय विद्यालयों में व्यवस्थाओं की निगरानी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बीते दिनों बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पांडेय के निरीक्षण में कई विद्यालयों में खामियां मिलीं। कहीं शिक्षक अनुपस्थित मिले तो कहीं उपस्थिति पंजिका में उनकी गैरहाजिरी दर्ज नहीं थी।